Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **दौसा में डिस्कॉम के लाइनमैन के लिये रिश्वत लेता दलाल 3 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *24 सितम्बर।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की जयपुर नगर प्रथम इकाई द्वारा आज दौसा में कार्यवाही करते हुये राजेन्द्र गुर्जर लाइनमैन, जी.एस.एस. टोरड़ा, सिकराय दौसा के दलाल भरत लाल (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से 3 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की जयपुर नगर प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उनके खराब ट्रांसफार्मर को बदलने की एवज में राजेन्द्र गुर्जर लाइनमैन, जी.एस.एस. टोरड़ा, सिकराय दौसा अपने दलाल भरत लाल (प्राईवेट व्यक्ति) के माध्यम से 5 हजार रुपये की रिश्वत मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की जयपुर नगर प्रथम इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आलोक शर्मा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **उप अधीक्षक पुलिस श्री नीरज गुरनानी** एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये दलाल भरत लाल (प्राईवेट व्यक्ति) निवासी दौसा को परिवादी से 3 **हजार रुपये** रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी राजेन्द्र गुर्जर लाइनमैन, जी.एस.एस. टोरड़ा, सिकराय दौसा ए.सी.बी. कार्यवाही की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।